# HIMACHAL PRADESH VIDHAN SABHA SECRETARIAT

संख्याः- वि0स0-फिन-3एम(मु0 एवं रख-रखाव)15/2019 शिमला-171004, दिनांक 31-07-2026

ई-मेल/Email: visabha-hp@nic.in
वेब/Website: https://hpvs.neva.gov.in

कौसिल चैम्बर शिमला-171004
COUNCIL CHAMBER SHIMLA-171004

## नीलामी सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि माननीय अध्यक्ष महोदय के सरकारी आवास अनाडेल व्यू चौड़ा मैदान में काटे गए देवादार के पेड़ों की लकड़ी की नीलामी **"जैसे है, जहां है"** के आधार पर **दिनांक 07 अगस्त, 2026 को 11:00 बजे (पूर्वाह्न)** अनाडेल व्यू चौड़ा मैदान में नीलामी समिति के समक्ष खुली बोली(यों) द्वारा की जाएगी। इच्छुक पार्टियां नीचे दिये गए निबन्धों एवं शर्तों के अन्तर्गत नीलामी में भाग लेने के लिए आमन्त्रित हैं:-

(1) सभी बोलीदाता को प्रतिभूति के रूप में **मु0 8,000/- रूपये (केवल आठ हजार रूपये)** की अग्रिम राशि जमा करनी होगी, केवल तभी उन्हें बोली प्रक्रिया में भाग लेने दिया जाएगा। उच्चतम बोलीदाता की प्रतिभूति राशि बोली की राशि में समायोजित कर ली जाएगी तथा शेष बोलीदाताओं की राशि नीलामी के बाद लौटा दी जाएगी।

(2) कटित वृक्ष के स्लीपर का निरीक्षण किसी भी कार्य दिवस को **दिनांक 11.00 बजे (पूर्वाह्न) से सांय 4.00 बजे** के मध्य अनाडेल व्यू चौड़ा मैदान में किया जा सकता है।

(3) नीलामी की समाप्ति पर सर्वोच्च राशि के बोलीदाता को तुरन्त बोली की सारी राशि जमा करवानी होगी। यदि वह ऐसा करने में असमर्थ रहता है, तो उस द्वारा जमा करवाई गई अग्रिम राशि ज़ब्त कर ली जाएगी।

(4) बोली की समाप्ति के उपरान्त सर्वोच्च राशि के बोलीदाता को कटित वृक्ष के स्लीपर को **5.00 बजे** सांय से पहले ले जाना होगा।

(5) **सचिव**, हिमाचल प्रदेश विधान सभा को किसी भी अथवा समस्त बोलियों को बिना कारण बताए स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार प्राप्त होगा।

*हस्ता/-*
**सचिव,**
**हि0 प्र0 विधान सभा।**

**पृष्ठांकन संख्याः यथोपरि** **शिमला-171004, दिनांक - 31-07-2026**

**प्रतिलिपि सूचनार्थ प्रेषित की जाती है:-**

1. **निदेशक** सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, शिमला-171002 को इस अनुरोध के साथ प्रेषित की जाती है कि उपरोक्त नीलामी सूचना को दो संपादकीय समाचार पत्रों (Leading News Papers) में प्रकाशित किया जाये।
2. **वरिष्ठ निदेशक आईटी**, हिमाचल प्रदेश विधान सभा सचिवालय, शिमला-171004.
3. **नोटिस बोर्ड**, हिमाचल प्रदेश विधान सभा सचिवालय, शिमला-171004.

यशपाल
**सचिव,** 3।
**हि0 प्र0 विधान सभा।**